तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 16 मई 2026

14 बालोद जिले के कवियों ने छत्तीसगढ़ी छंदों से बिखेरी सांस्कृतिक ...

13 जिले की तांदुला नदी के कायाकल्प की तैयारी







## क्षेत्र में सुबह गरज-चमक के साथ जमकर हुई बारिश, गर्मी से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण अंडा क्षेत्र सहित आसपास के कई क्षेत्रों में शुक्रवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज हवाओं, गरज-चमक और बादलों की गड़गड़ाहट के साथ करीब 1 से 2 घंटे तक जमकर बारिश हुई। अचानक बदले मौसम से लोगों को भीषण गर्मी और उमस से बड़ी राहत मिली।

पिछले कई दिनों से क्षेत्र में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण लोग परेशान थे। सुबह होते ही आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के दौरान कई जगहों पर तेज हवाएं भी चलीं, जिससे मौसम पूरी तरह सुहावना हो गया। बारिश के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई और लोगों ने राहत महसूस की। सुबह के समय सड़कें भीग गईं और कई जगहों पर पानी जमा हो गया। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने भी इस बारिश को फायदेमंद बताया है। किसानों का कहना है कि बारिश से खेतों में नमी बढ़ेगी और आने वाली फसलों की तैयारी में मदद मिलेगी।

मौसम विभाग ने अगले 2 दिनों तक दुर्ग जिले सहित आसपास के क्षेत्रों में गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने कुछ स्थानों पर तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका भी व्यक्त की है। ऐसे में लोगों को खराब मौसम के दौरान सावधानी बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रहने की सलाह दी गई है। अचानक बदले मौसम से जहां लोगों को गर्मी से राहत ▶▶| शेष पेज 12 पर

### अचानक बदले मौसम से लोगों को गर्मी से राहत मिली



#### घंटेभर हुई बारिश, तूफान से बिजली तार पर गिरा पेड़

बालोद/कलंगपुर। शुक्रवार की सुबह लगभग साढ़े 8 बजे मौसम में आए अचानक बदलाव से कलंगपुर सहित आस–पास के गांवों में सुबह से बादल छाया हुआ था। सुबह 8 बजे के बाद तेज आंधी तूफान एवं बिजली कड़कने के साथ लगभग एक घंटे तक बारिश हुई। तूफान और बारिश से गर्मी में धान के फसल लेने वाले किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। वहीं नजदीक के ग्राम खुटेरी (अचौद) में तेज आंधी से बीच गली में ▶▶| शेष पेज 12 पर



### खबर संक्षेप

#### सुशासन तिहार में अधिकारी करेंगे पुल वाहन का उपयोग



**बालोद।** सुशासन तिहार के दौरान बालोद जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी शासकीय वाहनों का उपयोग पूल वाहन के तौर पर उपयोग करेंगे। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने वर्तमान में पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील पर त्वरित अमल सुनिश्चित करते हुए पेट्रोलियम पदार्थों के बचत के उपाय सुनिश्चित करने हेतु सभी जिला स्तरीय अधिकारियों के संबंध में निर्देश जारी किया है। कलेक्टर द्वारा जारी किए गए निर्देशों के तहत सुशासन तिहार के दौरान आयोजित होने वाले शिविरों में एक जिला स्तरीय अधिकारी के एक शासकीय वाहनों में दो या तीन विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को पूल वाहन के तौर पर उपयोग करेंगे।

#### रेत का अवैध परिवहन करते 3 वाहन जब्त



**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिजों के अवैध परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु कार्रवाई की जा रही है। जिला खनि अधिकारी प्रवीण चंद्राकर ने बताया कि 14 मई को खनिज विभाग की टीम के द्वारा गुरूर विकासखण्ड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करते पाए जाने के कारण कुल 3 वाहनों को जब्त किया गया है, जिसमें रेत से भरी 02 हाइवा और 01 हाइवा चुनापत्थर को थाना आरक्षी केन्द्र गुरूर की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रकरण में नियमानुसार खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

## औद्योगिक भूमि डायवर्जन शुल्क में छूट का लाभ नहीं मिलने पर चैम्बर ने सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर के बालोद जिला मंत्री स्वाधीन जैन ने प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी को ज्ञापन सौंपा। स्वाधीन जैन ने बताया गया कि छत्तीसगढ़ शासन की औद्योगिक विकास नीति 2024–30 के अंतर्गत एमएसएमई एवं विनिर्माण इकाइयों को औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि डायवर्जन शुल्क में लगभग 50 प्रतिशत तक छूट का प्रावधान किया गया है, परंतु वर्तमान में ऑनलाइन भूमि डायवर्जन पोर्टल में उक्त छूट का विकल्प उपलब्ध नहीं हो रहा है।

इस तकनीकी खामी के कारण नए उद्योग स्थापित करने वाले एमएसएमई उद्यमियों को शासन द्वारा घोषित छूट का लाभ ऑनलाइन प्रक्रिया में प्राप्त नहीं हो पा रहा है तथा उन्हें पूर्ण शुल्क भुगतान की स्थिति उत्पन्न हो रही है। इससे नए एवं लघु उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों को शुरुआत में ही आर्थिक व प्रक्रियात्मक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस अवसर पर ज्ञापन सौंपते समय चैम्बर के पदाधिकारी राजेश ▶▶| शेष पेज 12 पर

### हादसा : बगैर जैकेट पहने जलाशय में गया था श्रमिक

## फिश केज में दाना डालने गया मजदूर डूबा, शाम को मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

बालोद जिले के डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र अंतर्गत खरखरा जलाशय में शुक्रवार को एक हादसा हो गया।

जलाशय में बने फिश केज में मछलियों को दाना डालने गए एक बुजुर्ग मजदूर की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची और लंबे रेस्क्यू अभियान के बाद शाम को शव बरामद किया गया। मिली जानकारी के अनुसार कांकेर निवासी मछली ठेकेदार कबीर बनकर के यहां कार्यरत मजदूर सुखराम सलाम 65 वर्ष निवासी अन्नपूर्णा पारा, जिला कांकेर, सुबह लगभग 10 से 11 बजे के बीच खरखरा जलाशय में बने फिश केज में मछलियों को दाना डालने गया था। बताया जा रहा है कि उस समय जलाशय क्षेत्र में तेज हवा चल रही थी। इसी दौरान केज में जाते समय वे असंतुलित होकर पानी में गिर गया और गहरे पानी में डूब गए।

■ खरखरा जलाशय में हुआ हादसा

#### बालोद से गोताखोरों की टीम बुलाई गई

घटना की जानकारी मिलते ही डौंडी लोहारा पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक स्तर पर स्थानीय लोगों द्वारा तलाश की गई, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर बालोद से गोताखोरों की टीम बुलाई गई। काफी देर तक खोजबीन के बावजूद जब सफलता नहीं मिली, तब दुर्ग से विशेष गोताखोरों की टीम को बुलाया गया। लंबे रेस्क्यू अभियान के बाद शाम को मजदूर सुखराम सलाम का शव जलाशय से बाहर निकाला गया। घटना के बाद मछली पालन कार्य कराने वाले ठेकेदार की लापरवाही को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि मजदूर को बिना किसी सुरक्षा उपकरण एवं लाइफ जैकेट के गहरे पानी में भेजा गया था। यदि सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम होते तो शायद इस हादसे को टाला जा सकता था। फिलहाल डौंडी लोहारा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। हादसे के बाद मृतक के परिजनों में शोक का माहौल है।

## एनएलसी इंडिया लिमिटेड के खनिज अन्वेषण कार्य का ग्रामीणों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेम्हरडीह एवं आश्रित ग्राम रायपुरा में एनएलसी इंडिया लिमिटेड द्वारा प्रस्तावित खनिज अन्वेषण एवं ड्रिलिंग कार्य को लेकर ग्रामीणों ने कड़ा विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में नायब तहसीलदार डौंडीलोहारा द्वारा पंचायत को पत्र जारी कर प्रस्तावित कार्य पर ग्रामसभा की सहमति अथवा असहमति तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे।

■ ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को सौंपा आपत्ति पत्र

जारी पत्र में बताया गया कि कलेक्टर बालोद के निर्देशानुसार एनएलसी इंडिया लिमिटेड को सेम्हरडीह एवं रायपुरा क्षेत्र में फॉस्फोराइट एवं लाइमस्टोन ब्लॉकों हेतु समेकित अनुज्ञा (कंपोजिट लाइसेंस) प्रदान किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। इसी क्रम में कंपनी द्वारा संबंधित क्षेत्र में खनिज अन्वेषण एवं ड्रिलिंग कार्य प्रस्तावित है, जिसके लिए ग्राम पंचायतों से अभिमत मांगा गया था।

इस पर ग्राम पंचायत सेमरडीह में आयोजित सामूहिक बैठक में ग्रामीणों ने एकमत होकर प्रस्ताव पारित किया कि वे अपनी पैतृक जमीन एवं मकान छोड़ने की स्थिति में नहीं हैं। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि खनन एवं ड्रिलिंग कार्य से गांव की भूमि, पर्यावरण और जनजीवन प्रभावित हो सकता है। ग्राम पंचायत सेम्हरडीह ने ग्रामवासियों के निर्णय को सर्वोपरि मानते हुए प्रस्तावित कार्य के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र देने में असमर्थता जताई है। पंचायत द्वारा नायब तहसीलदार को भेजे गए आपत्ति पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है कि ग्रामवासी प्रस्तावित खनन कार्य का विरोध कर रहे हैं तथा ▶▶| शेष पेज 12 पर

## आदतन बदमाशों ने होटल संचालक पर कराया जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

शहर के व्यस्त बस स्टैंड क्षेत्र में मंगलवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई, जब आदतन अपराधियों के एक गिरोह ने होटल संचालक के साथ बेरहमी से मारपीट कर इलाके में दहशत का माहौल बना दिया। मामूली बात को लेकर शुरू हुआ विवाद अचानक हिंसक रूप ले बैठा और आरोपियों ने होटल संचालक पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र के व्यापारियों और होटल संचालकों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। वहीं राजहरा पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए तत्काल कार्रवाई कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

■ राजहरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई से तीन आरोपी जेल दाखिल





जानकारी के अनुसार बस स्टैंड क्षेत्र स्थित आदिल होटल के संचालक अब्दुल यूसुफ अपने होटल के कैश काउंटर पर बैठे थे। इसी दौरान वार्ड 20 निवासी अजय बिहारी, निजाम शरीफ, पिट्टू सोनी उर्फ लक्ष्मीनारायण सोनी होटल पहुंचे और वहां चाय-नाश्ता किया। जब होटल संचालक ने उनसे खाने-पीने का पैसा मांगा तो आरोपी भड़क उठे और विवाद करने लगे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपियों ने पहले होटल संचालक को धमकाते हुए होटल बंद करा देने की बात कही, फिर गाली-गलौज शुरू कर दी। मामला यहीं नहीं रुका, आरोपियों ने शराब पीने के लिए पैसों की मांग भी की। विरोध करने पर अजय बिहारी ने अपने भाई विजय बिहारी सहित अन्य युवकों को मौके पर बुला लिया। इसके बाद सभी ने मिलकर होटल संचालक अब्दुल यूसुफ पर हमला बोल दिया।

होटल के भीतर अचानक शुरू हुई मारपीट से अफरा-तफरी मच गई। आरोपियों ने लात-घूंसों और हाथापाई से होटल संचालक को बुरी तरह पीटा, जिससे उसके सिर, दाहिने जबड़े और दोनों आंखों के नीचे गंभीर चोटें आईं। घायल अवस्था में होटल संचालक जमीन पर गिर पड़ा। घटना को देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल बीच-बचाव किया और घायल को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

घटना की सूचना मिलते ही राजहरा पुलिस हरकत में आई और तत्काल मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 119(1), 191(2), 296 एवं 351(3) के तहत मामला दर्ज किया। त्वरित कार्रवाई करते हुए ▶▶| शेष पेज 12 पर

#### आज मनाई जायेगी शनि जयंती

**गुण्डरदेही।** शनिवार को सूर्यपुत्र शनि देव की जयंती नगर के साप्ताहिक बाजार गुण्डरदेही में हर्षोल्लास के साथ मनायी जाएगी। सुबह 10 बजे मंदिर में विधि विधान के साथ हवन पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात महा प्रसादी का वितरण किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु हवन पूजन में शामिल हो सकते हैं।

### तेल कंपनियों और परिवहन एजेंसियों से लगातार संपर्क किया जा रहा

## क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल का संकट, पंपों पर लंबी कतारें, उपभोक्ताओं में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत से आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों में नो डीजल, नो पेट्रोल का बोर्ड लगा दिया गया है। स्थिति यह है कि सुबह से लेकर देर रात तक वाहन चालक लंबी-लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं, इसके बावजूद कई लोगों को ईंधन नहीं मिल पा रहा है। पेट्रोल-डीजल की कमी और दूसरी ओर केंद्र शासन द्वारा प्रति लीटर लगभग 3 रुपये की बढ़ोतरी किए जाने से उपभोक्ताओं के बीच भारी आक्रोश व्याप्त है।

शहर में दोपहिया, चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ ट्रांसपोर्ट व्यवसाय, स्कूल वाहन संचालक, किसान और छोटे व्यापारी भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। कई लोग पेट्रोल पंपों के चक्कर काटते नजर आए। लोगों का कहना है कि ईंधन की कमी के कारण दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

दल्लीराजहरा शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों में सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। जैसे ही किसी पंप में टैंकर पहुंचने की सूचना मिलती, वहां भारी भीड़ उमड़ पड़ती। कई स्थानों पर अव्यवस्था की स्थिति भी निर्मित हुई। पुलिस को यातायात व्यवस्था संभालने में मशक्कत करनी पड़ी। लोगों में बढ़ रहा आक्रोश पेट्रोल-डीजल की कमी और कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर लोगों में नाराजगी लगातार बढ़ती जा रही है। नागरिकों ने प्रशासन और तेल कंपनियों से जल्द आपूर्ति सामान्य करने की मांग की है। शहर में लोग यही चर्चा करते नजर आए कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो परिवहन और रोजमर्रा की व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो सकती है। कलेक्टर दिव्या मिश्रा ने कहा कि जिले में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति प्रभावित होने की जानकारी प्रशासन को प्राप्त हुई है। संबंधित तेल कंपनियों और परिवहन एजेंसियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। शीघ्र ही अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित कर स्थिति। अफवाह से बचें और अनावश्यक भंडारण ना करें,, सामान्य करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने लोगों से ▶▶| शेष पेज 12 पर



#### मांग अचानक कई गुना बढ़ गई

पेट्रोल पंप संचालकों ने क्या कहा
जैनम पेट्रोल पंप के संचालक प्रहलाद कुमार जैन, प्रतीक जैन पेट्रोल पंप संचालकों का कहना है कि मांग अचानक कई गुना बढ़ गई है, जबकि सप्लाई सामान्य से कम मिल रही है। इसी कारण स्टॉक जल्दी समाप्त हो रहा है। संचालकों ने बताया कि जैसे ही नया टैंकर पहुंचेगा, आम उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर ईंधन उपलब्ध कराया जाएगा। "लोग आवश्यकता से अधिक पेट्रोल भरवा रहे हैं। इससे स्टॉक जल्दी खत्म हो रहा है। हम लगातार सप्लाई के लिए संपर्क में हैं।"



# 4 दिन में बेलौदी में डायरिया के 58 मरीज मिल चुके 10 अब भी भर्ती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

## विषाक्त पदार्थ के सेवन से उल्टी-दस्त के मामले बढ़े, हेल्थ विभाग ने लगाया कैम्प

पाटन के ग्राम बेलौदी में उल्टी-दस्त के मरीज लगातार मिल रहे हैं। पिछले 4 दिनों में 58 से ज्यादा मरीज मिल चुकी है, जिनमें से 10 अब भी भर्ती है। उनका इलाज जारी है।

बता दें कि विषाक्त पदार्थ के सेवन के बाद से गांव में उल्टी-दस्त की शिकायतें सामने आ रही है। सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के निर्देश पर हेल्थ कैम्प लगाया जा रहा है। सर्वेलेंस अधिकारी डॉ. सीबीएस बंजारे, डॉ. भुनेश्वर कठौतिया, एपिडेमियोलॉजिस्ट रितीका सोनवानी, डॉ. उमेश मिर्जा, उत्तम मधुकर सहित अन्य नियमित रूप से गांव में पहुंच रहे हैं। डॉ. दानी से मिली जानकारी अनुसार प्रभावित क्षेत्र का स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सर्वे किया जा रहा है। सर्वे में 14 मई को कुल 150 घरों का सर्वे किया गया, जहां उल्टी-दस्त के 02 नये मरीज मिले हैं। विगत दिवस 11 मई से आज दिनांक तक कुल 58 मरीज मिले जिनमें से 10 मरीजों का इलाज जिले के विभिन्न अस्पतालों में चल रहा है।

6 मरीज जिला अस्पताल, 3 मरीज सेलूद हॉस्पिटल व 1 मरीज आस्था हॉस्पिटल में भर्ती हैं। अन्य सभी मरीज घर पर चिकित्सकीय उपचार ले रहे हैं। संक्रमित क्षेत्र में उल्टी-दस्त से किसी भी मरीज की मृत्यु नही हुई है। सक्रिय सर्वेलेंस का कार्य स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। वर्तमान में स्थिति सामान्य है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणजनों से अपील की गई है कि पानी उबाल कर पिये, सड़ीगली सब्जी न खायें, तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य चिकित्सकीय परामर्श लें और अपने व परिवार का ध्यान रखें।

## खबर संक्षेप



### सूने मकान में चोरी करने वाले दो को पुलिस ने पकड़ा

**भिलाई।** सूने मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए के जेवरात पार करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि भुवनेश्वरी ने अंजोरा पुलिस के पास शिकायत किया था। उनके पिता की तबियत खराब होने के कारण राजनांदगांव गई हुई थी। अज्ञात मे मकान का ताला तोड़कर जेवरात पार कर दिया। जिसकी कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है। जांच में मुखबिर ने सूचना दिया कि रोशन निर्मलकर, सुमेश निर्मलकर को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों ने मकान में चोरी करना स्वीकार किया। दोनों के पास से पुलिस ने सोना, चांदी के जेवरता जब्त किया है। कार्रवाई में अंजोरा चौकी प्रभारी चंद्रशेखर सोनी समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

### धमधा नाका में गांजा बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई।** गांजा बेचने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर ग्रीन चौक दुर्ग निवासी विकास यादव उर्फ लासा को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने गांजा वजन 2.064 किलोग्राम, नगदी रकम 740 रुपये कुल सामान 1 लाख 740 रुपये जब्त किया गया। युवक के पास से एक झिल्ली में गांजा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई हुई है। शराब का अवैध परिवहन करते तीन युवक गिरफ्तार

### आरोपियों के पास से 97 पौवा शराब, बाइक जब्त

**भिलाई।** शराब का अवैध परिवहन करते हुए तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दो बाइक में अवैध रूप से शराब परिवहन करते युवक पकड़े गआए। पोटिया मार्ग स्थित माईनिंग चेक के पास घेराबंदी कर तीनों को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम ग्राम मोहरेंगा युगल शर्मा, चन्द्र कुमार कुर्रे बताया है। इसके अलावा पथरिया चौक बायपास रोड अहिवारा में घेराबंदी कर आरोपी वार्ड 4 संजय नगर नंदिनी निवासी बैसाखु राम साहू को पकड़ा गया।

## समूह जल प्रदाय योजना में शामिल 27 गांवों के संबंध में भी ली जानकारी

# कलेक्टर ने किया वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुरूर विकासखण्ड के ग्राम धनोरा में जल जीवन मिशन के तहत समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत निर्माणाधीन वाटर ट्रिटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मौके पर उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों को निर्माणाधीन वाटर ट्रिटमेंट प्लांट को शीघ्र पूरा कर एक सप्ताह में वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के सभी कंपोनेंट का अनिवार्य रूप से परीक्षण कराने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान कलेक्टर ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने वाटर ट्रिटमेंट प्लांट धनोरा के प्रत्येक घटकों के निर्माण कार्य के प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता सागर वर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के नक्शे का अवलोकन कर निर्माण कार्य के प्रगति एवं इस समूह जल प्रदाय योजना में शामिल कुल 27 गांवों के संबंध में भी जानकारी ली। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने कलेक्टर मिश्रा को एमबीआर का निर्माण किए जाने की जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि दोनों एमबीआर सहित धनोरा वाटर ट्रिटमेंट प्लांट के सभी घटकों का निर्माण कार्य पूरा हो गया है, केवल टेस्टिंग का कार्य ही शेष रह गया है।

अधिकारियों ने बताया कि इस वाटर ट्रिटमेंट प्लांट में 230 किलोलीटर एवं 290 किलोलीटर का दो एमबीआर का निर्माण किया गया है और इन दोनों एमबीआर का टेस्टिंग भी पूर्ण हो गया है। अधिकारियों ने बताया कि इस वाटर ट्रिटमेंट प्लांट की क्षमता 4.5 एमएलडी है। उन्होने बताया कि 230 किलोलीटर पहला एमबीआर से 13 गांव एवं 290 किलोलीटर के दूसरा एमबीआर से 14 ग्रामों सहित कुल 27 ग्रामों में इस समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्राम धनोरा में निर्मित इस वाटर ट्रिटमेंट प्लांट से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। कलेक्टर मिश्रा ने इस निर्माणाधीन कार्य के शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। जिससे कि धनोरा सहित आसपास के कुल 27 ग्रामों को शीघ्र शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

# डौंडी के सुशासन शिविर में मिले 342 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ जरूरतमंदों को बांटे गए श्रवण यंत्र एवं छड़ी, अभिलेख पत्र का वितरण किया

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आज नगर पंचायत डौण्डी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में नगर पंचायत डौण्डी के सभी 15 वार्डों के हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया गया।

इसके अंतर्गत सांस्कृतिक भवन डौण्डी में आयोजित शिविर में उपस्थित अतिथियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल एवं आईस बॉक्स, सहकारिता विभाग अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड, स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत आयुष्मान कार्ड एवं निक्षय पोषण किट का वितरण किया गया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत श्रवण यंत्र एवं छड़ी, राजस्व विभाग द्वारा स्वामित्व योजना अंतर्गत अधिकार अभिलेख पत्र का वितरण किया गया। शिविर में राज्य शासन के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने हेतु मेडिकल बोर्ड लगाया गया था। नगर पंचायत डौण्डी में आयोजित शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 342 आवेदन प्राप्त हुए थे।

शिविर में नगर पंचायत डौंडी अध्यक्ष मोहन्तीन चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, वरिष्ठ जनप्रतिनिध मनीष झा, जनपद सदस्य साधना सोरी, रत्ना हिरवानी, पार्षदगण अमरीका ठाकुर, भुनेश्वरी कुम्भकार, ममता जैन, यदुनंदन देवहारी, रेखा चौहा, प्रशांत नेताम, माधुरी रावटे, राजेन्द्र मानकर, किरण बंजारे, सुशील अमला, सौरभ कुमार, हितेन्द्र धनकर, अनिल निर्मलकर, अनिल कुमेटी, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि रामनारायण धनकर के अलावा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौंडी सुरेश कुमार साहू, तहसीलदार देवेन्द्र नेताम व नगरवासी उपस्थित थे। जनसमस्या निवारण शिविर मे जनप्रतिनिधियों ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने नागरिकों को जनसमस्या निवारण शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को कहा। अतिथियों ने शिविर में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी तत्परता एवं संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने को कहा। इसके साथ ही अतिथियों के द्वारा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे नीर चेतना अभियान के अंतर्गत संपूर्ण जीव–जगत के लिए पानी के महत्व के संबंध में जानकारी देते हुए शिविर में उपस्थित सभी लोगों को पानी के संरक्षण एवं संवर्धन के अलावा इसका विवेकपूर्ण उपयोग करने की शपथ दिलाई।

### बारिश से पहले सभी नालों की सफाई के लिए अभियान, गिरधारी नगर नाले से

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत शहर में बारिश के पूर्व जलभराव एवं गंदगी की समस्या से नागरिकों को राहत दिलाने के उद्देश्य से नालों की व्यापक सफाई अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इसी कड़ी में टेंडर निविदा प्रक्रिया के तहत गिरधारी नगर नाला की सफाई कार्य का विधिवत शुभारंभ किया गया। सफाई कार्य के लिए विशेष गैंग लगाकर मशीन एवं श्रमिकों के माध्यम से नाले की सफाई शुरू कराई गई। दुर्ग की महापौर अलका बाघमार ने मौके पर पहुंचकर सफाई कार्य का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को कार्य में गुणवत्ता एवं नियमित मॉनिटरिंग बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नाले में जमा गाद, कचरा एवं अवरोधों को शीघ्र हटाकर पानी निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

# प्रत्येक नागरिक को आत्मचिंतन का अवसर देता है पीएम का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रहित आह्वान का नेता प्रतिपक्ष ने किया समर्थन

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और बदलते अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से राष्ट्र सर्वोपरि की भावना के साथ महत्वपूर्ण संकल्प अपनाने की अपील की है। यह आह्वान केवल सुझाव नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर, सक्षम और सशक्त भारत निर्माण की दिशा में एक राष्ट्रीय जनभागीदारी का अभियान है। उक्त बातें नगर निगम भिलाई के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने कही।

नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा ने प्रधानमंत्री के इस संदेश का समर्थन करते हुए कहा कि देश जब चुनौतियों से जूझ रहा हो, तब हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह व्यक्तिगत सुविधा से ऊपर उठकर राष्ट्रहित को प्राथमिकता दे। प्रधानमंत्री का संदेश हर भारतीय के लिए संकल्प, सेवा और समर्पण का आह्वान है। उन्होंने कहा कि सोना खरीदने से परहेज, स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना, सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा और संसाधनों की बचत जैसे कदम केवल आर्थिक निर्णय नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति के जीवंत उदाहरण हैं। जब 140 करोड़ भारतीय एक दिशा में सोचते हैं, तो भारत विश्व में नई शक्ति बनकर उभरता है। श्री भोजराज सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह संदेश देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मचिंतन का अवसर देता है। आज आवश्यकता केवल सरकार की योजनाओं की नहीं, बल्कि जनसहभागिता की है। हर परिवार, हर युवा और हर नागरिक यदि इन संकल्पों को अपनाए, तो विकसित भारत का सपना शीघ्र साकार होगा।

### डौण्डी ब्लॉक के भैंसबोड़ में सुशासन तिहार 18 को

**बालोद।** जिले में आम जनता को सुगम, पारदर्शी एवं त्वरित सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत डौण्डी विकासखण्ड के प्राथमिक शाला मैदान भैंसबोड़ में 18 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। प्राथमिक शाला मैदान भैसबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम भर्रीटोला, रजही, चिपरा, धुर्वाटोला, सुवरबोड, गिधाली, भैसबोड, दानीटोला, गुजरा, खलारी, अड़जाल, कुसुमकसा, अरमुरकसा, पथरटोला, खम्हारटोला, बिटाल, धोबेदण्ड और धोबनी अ के ग्रामीण शामिल होंगे। प्राथमिक शाला मैदान भैसबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल आयोजन हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग विजय कुमार कंवर नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत डौण्डी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डीडी मण्डले और एसडीओ आरईएस जेपी चंद्राकर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम भैंसबोड़ में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। जिसके अंतर्गत तहसीलदार देवेन्द्र नेताम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# कत्लखाने ले जाए जा रहे 6 मवेशी छुड़ाए गए पुलिस ने पिकअप समेत चालक को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

■ गौसेवकों की सूचना पर ठेलका चौक में घेराबंदी, बालाघाट निवासी आरोपी

धमधा-खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर अवैध मवेशी तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए धमधा पुलिस ने 6 मवेशियों से भरे एक पिकअप वाहन को पकड़ लिया।

गौसेवकों की सूचना पर ठेलका चौक के पास की गई कार्रवाई में पुलिस ने वाहन जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मवेशियों को बेहद क्रूरतापूर्वक वाहन में ठूस-ठूसकर बिना चारा-पानी के ले जाया जा रहा था। मामले में पुलिस ने छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 और 10 के साथ पशु क्रूरता अधिनियम की धारा 11 के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार गौरक्षा समिति के सदस्य केशव सोनकर, विकास अग्रवाल, वीर ताम्रकार, योगेश यादव और लोभान निषाद को क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद सभी लोग ग्राम ठेलका चौक के पास निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 7 बजे महिंद्रा पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 50 जेएच 5896 वहां पहुंचा। गौसेवकों ने वाहन रोकने का इशारा किया तो चालक गाड़ी लेकर भागने लगा, लेकिन उसे पकड़ लिया गया। वाहन के पीछे का हिस्सा तिरपाल से ढंका हुआ था। शक होने पर जब वाहन की जांच की गई तो उसमें 6 मवेशी भरे मिले।

सूचना मिलने पर धमधा पुलिस मौके पर पहुंची और चालक को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अतुल गव्हारे निवासी पुरवाटोला, थाना लांजी, जिला बालाघाट मध्यप्रदेश बताया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि मवेशियों को ग्राम परोडा थाना धमधा क्षेत्र से लोड किया गया था और उन्हें लांजी ले जाया जा रहा था, जहां से आगे नागपुर के कत्लखाने भेजने की तैयारी थी। पुलिस द्वारा दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका।

# दुकान में लगी आग, यातायात पुलिस की सतर्कता से टला बड़ा हादसा



**भिलाई।** छावनी चौक स्थित एक दुकान में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। समय रहते यातायात पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान मालिक को बुलवाया और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार यातायात शाखा में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक सुशील पांडे अपने हमराह आरक्षक रमेश चंद्राकर, दिनेश द्विवेदी और ओम प्रकाश तिवारी के साथ सुबह करीब 9.30 बजे छावनी चौक क्षेत्र में सड़क पर खड़े भारी वाहनों पर कार्रवाई के लिए निकले थे। इसी दौरान पुलिस टीम की नजर एक दुकान से निकल रहे धुएं पर पड़ी। स्थिति को गंभीर देखते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर रुकी और दुकान मालिक को फोन कर बुलाया गया। दुकान खुलवाने के बाद अंदर आग लगी हुई मिली। इसके बाद पुलिसकर्मियों और आसपास मौजूद लोगों ने मिलकर पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। समय रहते आग पर काबू पा लिए जाने से बड़ा नुकसान और जनहानि टल गई। घटना के दौरान बिजली विभाग और अग्निशमन विभाग को भी तत्काल सूचना दी गई, ताकि स्थिति और न बिगड़े।

## नगर निगम ने वसूला जुर्माना

# वाहनों की अवैध पार्किंग करने वालों पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा प्रतिष्ठानों और अन्य जगहों पर वाहन खड़ी कर सड़क बाधा करने वालों पर आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देशा पर सुपेला आकाश गंगा क्षेत्र में 3200 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है। जोन-1 नेहरू नगर के स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा वार्ड 17 आकाश गंगा परिसर में प्रतिष्ठानों के सामने अवैध रूप से वाहन पार्किंग पर चालानी कार्रवाई की गई। गौरी शंकर 200, मनोज कुमार 200, सौरभ 200, प्रकाश हालधर 200, भोले बाबा 200, देवनाथ 100, पवन कुमार गुप्ता 200, रमेश गुप्ता 200 इस प्राकर कुल 1400 रुपए की चालानी कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार राखी फर्नीचर रोड के सामने में अवैध रूप से सब्जी ट्रक पार्किंग किया गया था, जिनसे सड़क और आवागमन बाधित के रूप में कुल 1800 रुपए की चालानी कार्रवाई की गई है।

## पेज 11 का शेष

### घंटेभर हुई बारिश, तूफान से ...

स्थित पीपल पेड़ की एक बड़ी शाखा टूट कर बिजली तार में गिर गयी, जिससे समीप के दो बिजली का खंभा टूट कर एक मकान के दीवार व छत पर जा गिरे। घटना के समय बिजली बंद हो गयी थी, जिससे किसी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। शुक्रवार को क्षेत्र में हुई बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली। साथ ही अचानक बारिश होने से गलियों एवं नालियों में पानी जाम हो गया था।

### क्षेत्र में सुबह गरज-चमक के ....

मिली है, वहीं बच्चों और युवाओं ने बारिश का आनंद भी लिया। सुबह हुई तेज बारिश के बाद पूरे क्षेत्र का मौसम खुशनुमा हो गया।

### औद्योगिक भूमि डायवर्जन ...

वाशवानी कार्यकारी अध्यक्ष, जसप्रीत सलूजा कार्यकारी अध्यक्ष, युवा नेता जयदीप गुप्ता, दिलीप इशारानी, जीतू शादीजा प्रमुख रूप से उपस्थित थे। स्वाधीन जैन ने बताया कि चैम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी ने तत्काल मामले को संज्ञान में लेते हुए कहा कि इस विषय पर मंत्री ओपी. चौधरी से मिलकर चर्चा की जाएगी और समस्या का शीघ्र निदान कराया जाएगा।

### एनएलसी इंडिया लिमिटेड ...

इसे रोकने की मांग कर रहे हैं। पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने प्रशासन से जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित खनिज अन्वेषण एवं ड्रिलिंग कार्य पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

### आदतन बदमाशों ने ....

पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

नगर पुलिस अधीक्षक विकास पाटले ने बताया कि घटना में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश लगातार जारी है। पुलिस संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और जल्द ही बाकी आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शहर में कानून व्यवस्था बिगाड़ने और व्यापारियों में भय का माहौल बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

घटना के बाद बस स्टैंड क्षेत्र के व्यापारियों, होटल संचालकों और स्थानीय नागरिकों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। बताया जाता है कि पूर्व में भी इनके ऊपर विभिन्न धाराओं पर कार्रवाई हुई है और यह लोग आपराधिक मामलों से जुड़े हुए रहते हैं व्यापारियों का कहना है कि शहर में असामाजिक तत्वों की बढ़ती गतिविधियों पर कठोर कार्रवाई जरूरी है, ताकि आम लोगों और व्यापारियों में सुरक्षा का विश्वास कायम रह सके। वहीं राजहरा पुलिस की त्वरित कार्रवाई की स्थानीय लोगों ने सराहना भी की है।

### क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल का ...

अपील की कि घबराहट में अनावश्यक भंडारण न करें और प्रशासन का सहयोग करें।

जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर ने बताया कि कुछ तकनीकी एवं परिवहन संबंधी कारणों से ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई है। तेल कंपनियों से समन्वय कर अतिरिक्त टैंकर भेजने की प्रक्रिया चल रही है। आने वाले एक-दो दिनों में स्थिति सामान्य होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों की निगरानी की जा रही है ताकि किसी प्रकार की कालाबाजारी या अधिक दर वसूली न हो सके। अफवाह से बचें और अनावश्यक भंडारण ना करें।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल ने कहा कि पेट्रोल पंपों में भीड़ को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। यातायात व्यवस्था बनाए रखने और किसी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने लोगों से शांति बनाए रखने और कानून व्यवस्था में सहयोग करने की अपील की।

**उपभोक्ताओं के बयान**

राजेश साहू, वाहन चालक - "सुबह 7 बजे से लाइन में लगा हूं, लेकिन अभी तक पेट्रोल नहीं मिला। कामकाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है।"

गीता यादव, गृहिणी - "बच्चों को स्कूल छोड़ने और जरूरी कामों में बहुत परेशानी हो रही है। ऊपर से दाम भी बढ़ा दिए गए हैं।"

महेश नेताम, किसान - "खेती और मोटर पंप के काम के लिए डीजल जरूरी है। डीजल नहीं मिलने से खेती प्रभावित हो रही है।"

संतोष ठाकुर, ऑटो चालक - "पूरा दिन लाइन में निकल जा रहा है। कमाई बंद हो गई है।"

रमेश कुमार, ट्रक चालक - "लंबी दूरी का माल परिवहन प्रभावित हो रहा है। समय पर डिलीवरी नहीं हो पा रही।"

सुनीता वर्मा, शिक्षिका - "हर पेट्रोल पंप में भीड़ है। महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है।"

विकास यादव, युवक - "पहले पेट्रोल महंगा किया गया, अब मिल भी नहीं रहा। आम जनता परेशान है।" दिनेश मंडावी, ग्रामीण उपभोक्ता - "ग्रामीण इलाकों में स्थिति और खराब है। कई पंप पूरी तरह खाली हो चुके हैं।"

## खबर संक्षेप



### हाई वोल्टेज लाइन से झुलसा लंगूर, गौसेवक ने कराया इलाज

**गुण्डरदेही।** स्थानीय रेलवे–स्टेशन में हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आने से एक लंगूर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे में लंगूर के दोनों हाथ झुलस गए और वह दर्द से तड़पता हुआ दिखाई दिया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के गौ सेवक एवं पशु प्रेमी मौके पर पहुंचे और घायल लंगूर का रेस्क्यू किया। काफी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक सहायता दी गई। इसके बाद गौ सेवकों द्वारा वन विभाग को सूचना दी। वन विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर घायल लंगूर को अपने सुपुर्द लेकर उपचार हेतु भेजा गया।

### लकड़ी तस्कारों का आतंक, तहसीलदार से कार्रवाई की मांग



**बालोद/निकुम।** विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम ख़ुरसुल में मासाभाट ख़ुरसुल क्षेत्र लगे हरियाली पर लकड़ी तस्करों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हरियाली पर खुलेआम आखिर किसके इशारे पर हरे भरे पेड़ों को काटा जा रहा है। ग्राम विकास समिति अध्यक्ष सत्य प्रकाश साहू व ग्राम पटेल हेमंत साहू सहित ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों ने अर्जुन्दा तहसीलदार को लिखित शिकायत में पेड़ों की कटाई रोकने की मांग और जांच कर आरोपियों पर कार्यवाही करने की अपील की है।

### हल्बी आदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ का अधिवेशन 17 को

**बालोद।** अखिल भारतीय हल्बा, हल्बी आदिवासी समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ का 21 वां केन्द्रीय अधिवेशन 17 मई को झलमला में आयोजित किया गया है। केन्द्रीय अधिवेशन में मुख्य अतिथि सांसद गढ़चिरौली एनडी किरसान होंगे एवं केन्द्रीय अध्यक्ष आरएस. नायक अध्यक्षता करेंगे। विशेष अतिथि विधायक डौण्डीलोहारा अनिला भेंडिया, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जीआर राणा, बहुरसिंह राउत, किशन मानकर, महेश गागड़ा, राष्ट्रीय अध्यक्ष मंतुराम पवार, डोमेन्द्र भेडिया, जनक लाल ठाकुर, केन्द्रीय अध्यक्ष 18 गढ़ महासभा लतेलराम नाईक, केन्द्रीय अध्यक्ष 42 गढ़ महासभा विरेन्द्र चनाप, उपाध्यक्ष महासभा बालोद मदन बढ़ई, केन्द्रीय अध्यक्ष मध्यप्रदेश महेन्द्र काठेवार, उपाध्यक्ष महासभा बालोद चिदाकाश आर्य, पीआर नाईक, बीएस रावटे, ओएस जमदार, शिवकुमार पात्र, श्रवण राणा, बीएल.ठाकुर, बलराम गौर, अर्जुन नाग व हल्बा समाज के वरिष्ठ पदाधिकारीगण विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। उक्त अधिवेशन में हल्बा, हल्बी समाज को विकास की धारा में आगे बढ़ाने नई दिशा देने, नये आयामों तक पहुंचाने एवं अन्य विषयों को लेकर महा अधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। भोजन अवकाश पश्चात केन्द्रीय कर्मचारी प्रकोष्ठ को भंग करके नये कार्यकारिणी का गठन किया जावेगा। इसलिए हल्बा, हल्बी समाज के सामाजिक बन्धुओं,

## पर्यावरण : आईआईटी भिलाई के साथ ड्रोन सर्वे का शुभारंभ

# जिले की तांदुला नदी के कायाकल्प की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला प्रशासन बालोद के विशेष प्रयासों से जिले की जीवनदायिनी तांदुला नदी का पुनरूद्धार होने से यह नदी अपने नये स्वरूप में प्रस्तुत होने वाला है। तांदुला जलाशय के समीप स्थित जिला मुख्यालय बालोद के समीपस्थ ग्राम देउरतराई मैदान में तांदुला नदी के पुनजऍवन एवं इको–रिवरफ्रंट विकास कार्य का आज विधिवत शुभारंभ किया गया।

जिला प्रशासन बालोद एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के साझेदारी से शुरू किए जा रहे यूएवी ड्रोन सर्वे के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका परिषद बालोद की अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, एसडीएम बालोद नूतन कंवर एवं कार्यपालन अभियंता जल संसाधन विभाग पीयूष देवांगन के अलावा ग्राम पंचायत देउरतराई, झलमला एवं हीरापुर के सरपंचों सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञों तथा जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर अतिथियों के द्वारा यूएवी ड्रोन की विधिवत पूजा–अर्चना कर तांदुला नदी के कायाकल्प हेतु ड्रोन सर्वे कार्य का शुभारंभ किया गया। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान भिलाई के विषय विशेषज्ञों के द्वारा ड्रोन सर्वे कार्य को पूरा कर इसकी कार्ययोजना बनाने के उपरांत बालोद जिला प्रशासन द्वारा तांदुला नदी से लेकर हीरापुर तक के क्षेत्र का सौंदयऍकरण कार्य के अलावा जल संरक्षण, पारिस्थितिक संतुलन, जैव विविधिता संरक्षण आदि का कार्य किया जाएगा।







ज्ञातव्य हो कि जिला प्रशासन एवं जल संसाधन विभाग बालोद के सहयोग से इस महत्वाकांक्षी परियोजना में आईआईटी भिलाई इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी फाउंडेशन द्वारा वैज्ञानिक योजना, विशेषज्ञ टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण, वैज्ञानिक सत्यापन एवं फील्ड आधारित अध्ययन के आधार पर व्यवहारिक, एडवांस मॉडल तैयार किया जाएगा। इसके अंतर्गत तकनीकी समाधान अध्ययन एवं क्रियान्वयन तैयार किए जाएंगे, वहीं ड्रोन तकनीक से नदी क्षेत्र का हाई–रिजोल्यूशन सर्वे का डेटा सर्वेक्षण का कार्य किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत तांदुला नदी के चयनित 3 किलोमीटर क्षेत्र में रिवर इकोसिस्टम संरक्षण एवं रिवरफ्रंट डेवलपमेंट का कार्य किया जाएगा। इसके तहत नदी की जलधारा, तट संरचना, जल गुणवत्ता, मौसमी परिवर्तन और जैव विविधता का विस्तृत अध्ययन कर नदी को स्वच्छ, संतुलित एवं सतत स्वरूप प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जाएगा। जिला प्रशासन के विशेष प्रयासों से तैयार किए जा रहे यह मॉडल भविष्य में राज्य में सतत एवं वैज्ञानिक नदी पुनजऍवन के उदाहरण के रूप में स्थापित होगा। कार्यक्रम मे नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने कहा कि जिला प्रशासन के प्रयासों से शीघ्र ही जीवनदायिनी तांदुला नदी अपने नये स्वरूप में प्रस्तुत होगा। अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने कहा कि आज ड्रोन सर्वेक्षण कार्य के माध्यम से जीवनदायिनी तांदुला नदी के संरक्षण एवं संवर्धन तथा इसके जीर्णोद्धार का सपना साकार हो रहा है। कौशिक ने मानव सभ्यता के विकास एवं पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन में नदियों की भूमिका पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता पीयूष देवांगन ने किया। इस अवसर पर तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित आईआईटी भिलाई के विशेषज्ञों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## जिले में विधिक सहायता हेल्प डेस्क का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- जिला जेल बंदियों के परिजनों को मिलेगी विधिक जानकारी और दिया जायेगा मार्गदर्शन

जिला जेल बालोद में बंदियों के परिजनों को विधिक जानकारी एवं प्रक्रियात्मक मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु विधिक सहायता हेल्प डेस्क का शुभारंभ आज 15 मई को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद एस.एल. नवरत्न द्वारा किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश नवरत्न ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बालोद द्वारा जिला जेल बालोद में विधिक सहायता हेल्प डेस्क की शुरुआत की गई है। इस पहल का उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों के साथ–साथ उनके परिवारजनों को भी निःशुल्क विधिक सहायता एवं आवश्यक कानूनी परामर्श उपलब्ध कराना है। हेल्प डेस्क के माध्यम से बंदियों के परिजनों को बंदियों के प्रकरणों की जानकारी, जमानत प्रक्रिया, अपील, कानूनी अधिकारों जानकारी दी जाएगी। जानकारी एवं संसाधनों के अभाव में बंदियों के परिवारजन को उचित कानूनी सहायता नहीं मिल पाती। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए यह हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, ताकि जरूरतमंद लोगों तक समय पर न्यायिक सहायता पहुंचाई जा सके। हेल्प डेस्क में लीगल एड डिफेंस कौंसिल एवं पैरा लीगल वालिंटियर्स नियमित रूप से उपस्थित रहेंगे, जो बंदियो परिवारजनों की समस्याएं सुनकर उन्हें आवश्यक कानूनी सलाह एवं सहयोग प्रदान करेंगे। प्रत्येक नागरिक को न्याय प्राप्त करने का अधिकार है और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद द्वारा समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्गों तक न्याय की पहुँच सुनिश्चित करने के लिए लगातार कार्य कर रहा है।

इस अवसर पर जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ताजुद्दीन आसिफ, द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्वेता उपाध्याय गौर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय सोनी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद भारती कुलदीप, व्यवहार न्यायाधीश बालोद हीरा सिन्हा, पुलिस अधीक्षक योगेश पटेल, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, लीगल एड डिफेंस कौसिल व कौंसिलगण श्रीनिवास पाण्डेय, जेल अधीक्षक बालोद एस.पी.कुर्रे एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालोद के पैरालीगल वालिटिंयर्स उपस्थित रहें।

## रेलवे इंस्टीट्यूट का समर कैंप बना बच्चों की नई उड़ान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

- 340 बच्चों को मिल रहा नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण

नगर के बच्चों के शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास को नई दिशा देने वाला रेलवे इंस्टीट्यूट का निःशुल्क समर कैंप इन दिनों पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। 1 से 30 मई तक आयोजित इस विशाल समर कैंप में प्रतिदिन बच्चों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कैंप के 15वें दिन प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों की संख्या बढ़कर 340 तक पहुंच गई, जो इस आयोजन की सफलता और बच्चों में खेलों के प्रति बढ़ते उत्साह का बड़ा प्रमाण है।





रेलवे इंस्टीट्यूट के मुख्य कोच एवं सहायक सचिव एडवर्ड स्टीफन ने बताया कि इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और टीवी की दुनिया से बाहर निकालकर खेलों के प्रति जागरूक करना, उनमें अनुशासन विकसित करना तथा शारीरिक क्षमता को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आज के समय में बच्चों को खेल के लिए पर्याप्त मैदान और संसाधन नहीं मिल पाते, जिसके कारण वे खेलों से दूर होते जा रहे हैं। इसी कमी को दूर करने के लिए रेलवे इंस्टीट्यूट द्वारा पूरी तरह निशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से शुरू होने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में पहले बच्चों को फिजिकल एक्सरसाइज, दौड़ और फिटनेस गतिविधियां कराई जाती हैं। इसके बाद बच्चे अपनी रुचि के अनुसार फुटबॉल, कबड्डी सहित विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। सभी खेलों के लिए अलग-अलग प्रशिक्षक अपनी सेवाएं निशुल्क दे रहे हैं। समर कैंप में पहुंचकर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष तोरण लाल साहू एवं वार्ड क्रमांक 26 की पार्षद टी ज्योति ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजकों ने बताया कि बच्चों को खेल के साथ अनुशासन और समय की महत्ता भी सिखाई जा रही है। जो बच्चे नियमित रूप से समय पर पहुंचते हैं, पूरी लगन से प्रशिक्षण लेते हैं और अनुशासन बनाए रखते हैं, उन्हें प्रत्येक सप्ताह सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में इस सप्ताह लड़कियों में प्राप्ति जायसवाल एवं लड़कों में अनिश भोयर को टोपी देकर सम्मानित किया गया।

रेलवे इंस्टीट्यूट का यह निशुल्क समर कैंप अब केवल प्रशिक्षण शिविर नहीं, बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव बनता जा रहा है। खेल, अनुशासन, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास का संगम बना यह आयोजन आने वाले समय में क्षेत्र के कई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को नई पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## कलेक्टर ने नाले पर चल रहे जीर्णोद्धार का किया निरीक्षण





**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने गुरूर विकासखंड के ग्राम तार्री में स्थानीय नाले में चल रहे सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण कर प्रगतिरत कार्य का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से कार्य से होने वाले जल के संरक्षण एवं नाला के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने वहां कार्यरत महिलाओं से भी चर्चा की और उन्हें जल के विवेकपूर्ण उपयोग तथा जल संरक्षण करने की अपील की।

## तपिश बढ़ी, लू से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

- बारिश के बाद मौसम में आयी थी ठंडकता, धूप निकलते ही बढ़ी तेज गर्मी

मई माह के मध्य आते ही जेठ की भीषण गर्मी का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। पिछले कुछ दिनों तक अंचल में हुई बारिश के कारण मौसम में हल्की ठंडक और सुबह-सुबह सुहावना वातावरण बना हुआ था, लेकिन अब मौसम ने अचानक करवट बदल ली है। तेज धूप और 24 घंटे चल रही गर्म हवाओं ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है।

मई माह में जेठ की गर्मी का असर अब दिखने लगा है। 24 घंटे लू की थपेड़ों से आम जनजीवन पर गहरा असर दिखाई दे रहा है। कुछ दिन पूर्व अंचल में हो रही बरसात के चलते कुछ दिनों तक मौसम सुबह-सुबह सुहावना लग रहा था, लेकिन अब मौसम ने करवट बदलते हुए लोगों को भीषण गर्मी और लू का एहसास कराना शुरू कर दिया है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। भीषण गर्मी को लेकर जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग अब सुबह-सुबह अपना काम निपटाकर दोपहर में अपने घरों की ओर रुख कर रहे हैं। बाजारों में दोपहर के समय चहल-पहल कम दिखाई दे रही है, वहीं सड़कें भी सुनसान नजर आने लगी हैं। तेज धूप के कारण छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इतनी भीषण गर्मी में लोगों को अपने स्वास्थ्य की चिंता भी सता रही है। गर्मी बढ़ने के साथ ही लू, डिहाइड्रेशन, सिर दर्द और थकान जैसी समस्याएं भी बढ़ने लगी हैं। चिकित्सकों द्वारा लोगों को बिना जरूरी काम के दोपहर में बाहर नहीं निकलने, अधिक से अधिक पानी पीने, हल्के कपड़े पहनने और धूप से बचाव करने की सलाह दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी गर्मी का असर साफ दिखाई दे रहा है। खेतों में काम करने वाले किसान और मजदूर सुबह जल्दी काम शुरू कर रहे हैं और दोपहर होते ही काम बंद कर छांव की तलाश करने लगते हैं। पशु-पक्षी भी गर्मी से बेहाल नजर आ रहे हैं।

तालाब और जलस्त्रोतों का पानी धीरे-धीरे कम होने लगा है, जिससे आने वाले दिनों में पानी की समस्या बढ़ने की आशंका भी जताई जा रही है। अब देखना यह होगा कि इस वर्ष पड़ रहे दो जेठ के कारण मौसम कब तक इसी तरह बना रहता है। लोगों का मानना है कि यदि आने वाले दिनों में बारिश नहीं हुई तो गर्मी और अधिक बढ़ सकती है। फिलहाल तेज धूप और गर्म हवाओं ने लोगों को बेहाल कर दिया है तथा हर कोई राहत भरी बारिश का इंतजार कर रहा।

## विज्ञान और आध्यात्म का अद्भुत संगम है 'मंगल अमंगल'



**डौंडीलोहारा।** विज्ञान, कल्पना और आध्यात्मिक चिंतन पर आधारित, व्याख्याता एवं साहित्यकार प्रदीप कुमार मेश्राम के तृतीय उपन्यास मंगल अमंगल का भव्य विमोचन छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के करकमलों से हुआ। शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम द्वारा रचित यह उपन्यास विज्ञान कथा और आध्यात्मिक दर्शन का अनूठा समन्वय प्रस्तुत करता है। "मंगल अमंगल" की कहानी मानव की मानसिक एवं आत्मिक शक्तियों के रहस्यमयी आयामों को उजागर करती है। उपन्यास में वर्तमान समय के कुछ लोगों की समय यात्रा के माध्यम से ईस्वी सन 2526 में मंगल ग्रह तक पहुंचने की रोमांचक कल्पना को दर्शाया गया है। कथा के अनुसार भविष्य में मंगल ग्रह पर मनुष्यों द्वारा बसाई गई बस्ती एक भीषण संकट का सामना कर रही होती है। ऐसे कठिन समय में पृथ्वी से पहुंचे लोग वहां निवास कर रहे मानव समुदाय को सुरक्षित वापस लाने का प्रयास करते हैं। उपन्यास में विज्ञान, साहस, मानवीय संवेदनाओं, संघर्ष और आध्यात्मिक चेतना का प्रभावशाली चित्रण किया गया है, जो पाठकों को भविष्य की संभावनाओं और मानव अस्तित्व के गूढ़ प्रश्नों पर सोचने के लिए प्रेरित करता है। विमोचन अवसर पर उपस्थित अतिथियों एवं साहित्य प्रेमियों ने लेखक प्रदीप कुमार मेश्राम की इस नवीन साहित्यिक उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित जनों ने कहा कि मंगल अमंगल विज्ञान और अध्यात्म के समन्वय से युवा पीढ़ी को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी उपन्यास सिद्ध होगा।

### पेट्रोल-डीजल की किल्लत, पंपों पर लंबी कतारें और सीमित सप्लाई से भड़के लोग

## डीजल-पेट्रोल की किल्लत से दो पहिया चार पहिया, मालवाहक की लगी कतार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा



क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से ईंधन की भारी किल्लत देखी जा रही है। पेट्रोल और डीजल की कमी के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। दोपहिया, चार पहिया और विशेषकर मालवाहक वाहनों के चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि पेट्रोल पंपों पर सुबह से ही वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं, जिससे व्यवस्था बनाए रखने में कर्मचारियों के पसीने छूट रहे हैं।

पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा ईंधन की मात्रा सीमित (लिमिट) किए जाने से उपभोक्ताओं में भारी नाराजगी है। घंटों लाइन में लगने के बाद जब दोपहिया वाहनों को कम पेट्रोल दिया जा रहा है, तो वाहन चालक कर्मचारियों से उलझ रहे हैं। यही स्थिति चार पहिया वाहनों के साथ भी बनी हुई है, जहां मांग के अनुरूप डीजल-पेट्रोल नहीं मिल पा रहा है। उल्लेखनीय है कि 15 मई से पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि हुई है, लेकिन इसके बावजूद पंपों पर भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रही है। लोग भविष्य में और किल्लत होने की आशंका के चलते स्टॉक करने की कोशिश कर रहे हैं, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है।

ईंधन की किल्लत का सबसे बुरा असर मालवाहक वाहनों पर पड़ रहा है। डीजल की मात्रा सीमित होने के कारण ट्रक चालकों को अपनी मंजिल तक पहुंचने की चिंता सताने लगी है। वाहन चालकों का कहना है कि अगर जल्द ही आपूर्ति सामान्य नहीं हुई, तो आने वाले दिनों में आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन प्रभावित हो सकती है और हालात और भी बिगड़ सकते हैं। वर्तमान स्थिति को देखते हुए क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन से गुहार लगाई है कि पेट्रोल पंपों पर ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए ताकि आम जनता को इस भीषण गर्मी में घंटों कतारों में खड़ा न होना पड़े।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेवानिवृत प्रधानपाठक का स्कूल समिति ने दी विदाई

**गुरूर।** ग्राम नरबदा में शाला परिवार, शाला प्रबंधन समिति, ग्राम विकास समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वावधान में पूर्व माध्यमिक शाला नरबदा में प्रधानपाठक एलआर साहू के सेवानिवृत्त होने पर विदाई का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग में 43 वर्षों की सेवा पूर्ण करने के बाद एलआर साहू सेवानिवृत हुए। प्रधानपाठक एलआर साहू को शाला परिसर से स्वागत कर बैंडबाजे के साथ गली भ्रमण कराते हुए कार्यक्रम स्थल पर लाया गया। इस बीच संकुल प्राचार्य दर्रा सी साहू, ग्रामीण अध्यक्ष भुवन लाल साहू एवं ग्राम पटेल तथा ग्राम नरबदा, सरबदा एवं अकलवारा तीनों गांव से ग्रामीण और छात्र छात्रएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे। प्रभारी प्रधानपाठक जेके साहू अभिनंदन वाचन कर पूरा स्टाफ द्वारा प्रतीक चिन्ह तथा श्रीमद भगवत गीता भेंट किया। प्रधानपाठक एलआर साहू द्वारा अपने कार्यकाल का अनुभव बताया गया तथा शाला विकास के लिए 12000 रूपए देने को घोषणा की।

### सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के कार्यक्रम प्रभारी बने विष्णु कोठारी

**बालोद/कलंगपुर।** सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक थानसिंह मंडावी ने अपने जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की। जिला सह संयोजक नरेश रजक, रोशन साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. शांतनु को बनाया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय जिला भाजपा प्रभारी संध्या परगनिहा, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक अनुपम पाल, सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संभाग प्रभारी शरद अग्रवाल के मार्गदर्शन में भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख की अनुशंसा पर कार्यकारणी सदस्यों की घोषणा की गई। कार्यक्रम प्रभारी विष्णु कोठारी, सह प्रभारी देवेन्द्र कुमार देशमुख, कार्यालय प्रभारी ख़ोमेश दास मानिकपुरी, सह प्रभारी दीपक साहू, सोशल मीडिया प्रभारी कमल जीत, सह प्रभारी योगेश्वर साहू, मीडिया प्रभारी टेक राम पटेल, मीडिया सह प्रभारी योगेश देवांगन, कार्यकारणी सदस्य गजपति राम साहू, नीलम दास मानिकपुरी, धनेश साहू, अजय सोनवान, बसन्त ठाकुर, गगनदीप साहू, शंकर साहू, परमानंद साहू, लीना मानिकपुरी, भावना सेन, लीलार सिन्हा, बलराम साहू, अशोक श्रीवास, कौशल यादव, महेन्द्र साहू, नेमिन रजक, शान्ति साहू, मनहरण साहू, निर्मल सहारा, चेतन हड़गेया, हेम कुमार देशमुख, टोमन साहू, योगेश साहू , अप्पल राजू, ए उदय कुमार की नियुक्ति की गई।



### कबड्डी प्रतियोगिता 17 को

**गुरूर।** लायंस क्लब बोहाडीह गुरूर द्वारा एक दिवसीय डे नाईट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 17 मई को ग्राम बोहारडीह में रखा गया है। इसमें प्रथम पुरस्कार 5001 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 3001 रूपये, तृतीय पुरस्कार 2001 रूपये, चतुर्थ पुरस्कार 1001 रूपये रखा गया है। विभिन्न अन्य आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। जिसमें अध्यक्ष नरेश कोर्राम, उपाध्यक्ष खेमन यादव, सचिव रोहित सिन्हा, सहसचिव पोषण लाल अंधिया, कोषाध्यक्ष बलराम नेताम, कप्तान अभय यादव, उपकप्तान टिकेश नागवंशी व सदस्यो का सहयोग रहेगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**आयोजन :** राजधानी में 'छंद के छ' का राज्य स्तरीय स्थापना दिवस और कवि सम्मेलन हुआ

# बालोद जिले के कवियों ने छत्तीसगढ़ी छंदों से बिखेरी सांस्कृतिक सुगंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ी भाषा एवं छंद परंपरा के संवर्धन के उद्देश्य से कार्यरत संस्था 'छंद के छ' का राज्य स्तरीय स्थापना दिवस एवं कवि सम्मेलन रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। कार्यक्रम में प्रदेशभर से साहित्यकार, छंदकार एवं कवियों ने भाग लेकर छत्तीसगढ़ी साहित्य और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा रहे। अध्यक्षता प्रो. अशोक तिवारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरला शर्मा, डॉ. सुधीर शर्मा एवं सपना निगम उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भाषा महतारी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत के साथ हुआ। छंदकार बलराम चंद्राकर ने भाँखा महतारी वंदना की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। आयोजन के प्रथम सत्र में विभिन्न साहित्यकारों की पुस्तकों का विमोचन किया गया। इनमें मनीराम साहू 'मितान', विजेंद्र कुमार वर्मा, अश्विनी कोसरे 'प्रेरक', डॉ. इंद्राणी साहू, द्रौपती साहू 'सरसिज' एवं पुरुषोत्तम ठेठवार सहित अन्य रचनाकारों की पुस्तकों का लोकार्पण हुआ। द्वितीय सत्र में साहित्यकारों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें द्वारिका प्रसाद लहरे 'मौज', विजेंद्र कुमार वर्मा, मनीराम साहू 'मितान', बलराम चंद्राकर, महेंद्र कुमार बघेल, पुरुषोत्तम ठेठवार, अश्विनी कोसरे 'प्रेरक', द्रौपती साहू 'सरसिज' एवं कमलेश वर्मा को 'छत्तीसगढ़ी छंद रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। वहीं चोवाराम वर्मा 'बादल' को 'ग़ज़ल रत्न सम्मान' प्रदान किया गया। कवि सम्मेलन के दौरान प्रदेश के 17 जिलों से आए कवियों ने छत्तीसगढ़ी भाषा की सांस्कृतिक आत्मा को विविध छंदों में प्रस्तुत किया। बालोद जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए तोषण चुरेन्द्र 'दिनकर' धनगांव डौंडीलोहारा, जयकांत पटेल पारागांव बालोद एवं डॉ. लक्ष्मण उमरे ने अपनी सुमधुर रचनाओं से श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। संस्था के संस्थापक एवं संयोजक अरुण कुमार निगम ने संस्था की दस वर्षों की साहित्यिक यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का उद्देश्य छत्तीसगढ़ी साहित्य को छंदमय सृजन के माध्यम से नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। मुख्य अतिथि प्रभात मिश्रा ने छत्तीसगढ़ी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल कराने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष प्रो. अशोक तिवारी ने छत्तीसगढ़ी भाषा की वर्तमान स्थिति एवं साहित्यिक संभावनाओं पर अपने विचार व्यक्त किए। दिनभर चले इस आयोजन में साहित्य, संस्कृति और छंद की सुगंध से वातावरण सराबोर रहा। यह आयोजन साहित्यिक उत्सव के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी अस्मिता का भी प्रतीक बन गया।



## पुजारी पुरोहित संघ ने डौंडीलोहारा तहसील पदाधिकारियों की घोषणा की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, अभिषेक चौबे एवं दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संयुक्त बयान जारी कर बताया कि अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी, महासचिव प्रेम नारायण दास, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महंत लक्ष्मी नारायण दास, प्रदेश संयोजक सौरव, सौरव निर्वाणी, प्रदेश अध्यक्ष महंत सुरेंद्र दास, प्रदेश अध्यक्ष डेमन लाल महाराज बालोद जिला प्रभारी जागेश्वर दास, जिला अध्यक्ष बालोद भोला दास वैष्णव, जिला उपाध्यक्ष आदित्य दुबे की सहमति से अखिल भारतीय पुजारी सहित बालोद जिला के संगठन सचिव लोकेश दुबे ने डौंडीलोहारा के तहसील पदाधिकारी की घोषणा की।

तहसील प्रभारी चंद्रशेखर चंद्रशेखर तिवारी, तहसील संरक्षक पंडित ओम दुबे, तहसील संयोजक चक्रधर पांडे, तहसील अध्यक्ष राजेंद्र दुबे, तहसील उपाध्यक्ष खिलावन प्रसाद तिवारी, केपी तिवारी तहसील सचिव युगल किशोर दुबे, तहसील प्रचार प्रसार प्रभारी राजेश प्रसाद उपाध्याय, तहसील कार्यकारिणी सदस्य दिनेश प्रसाद दुबे अन्य अधिकारी तहसील कोषाध्यक्ष लोकेश दुबे डौंडी लोहारा के अन्य पदाधिकारी की शीघ्र नियुक्ति होगी की जाएगी यह जानकारी अखिल भारतीय परिषद के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी एवं तारक निर्मोही ने संयुक्त रूप से दी।

## आकाशवाणी से 19 को तोषण चुरेन्द्र 'दिनकर' के काव्यपाठ का प्रसारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विकासखंड के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र ग्राम धनगांव के युवा कवि साहित्यकार, लेखक, उदघोषक, गीतकार, जय श्री राम मानस परिवार के व्याख्याकार व भूतपूर्व सरपंच तोषण चुरेन्द्र 'दिनकर' की काव्यपाठ का प्रसारण 19 मई को भुइयां कार्यक्रम के अंतर्गत 8 से 8.30 बजे के मध्य होगी। तोषण चुरेन्द्र 'दिनकर' की रचनाएं विभिन्न ई पत्रिकाओं, समाचार पत्रों में तथा साझा संकलनों में प्रकाशित होती रहती हैं।

इनके द्वारा लिखे गये गीत यूट्यूब चैनल के माध्यम से लोगों के बीच अपनी अच्छी पहचान बनाई है। इन्होंने साहित्य के साथ साथ रामायण, लोक सांस्कृतिक मंचों में अपने आपको संजोकर रखा है। सामाजिक राजनीतिक साहित्यिक क्षेत्रों में रहते हुए वर्तमान में सरस्वती शिशु मंदिर डौंडीलोहारा में आचार्य के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रहे हैं। इनकी इस उपलब्धि पर मधुर साहित्य परिषद जिला बालोद के समस्त पदाधिकारीगण, सरस्वती शिशु मंदिर परिवार, अखिल भारतीय हल्बा कर्मचारी संघ, धनगंइहा संगवारी,समरस संस्थान साहित्य सृजन भारत छत्तीसगढ़ ईकाई, हमर गंवई गांव साहित्य मंच, महतारी भाखा मंच, छंद के छ परिवार, वक्ता मंच रायपुर, श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान बालोद,गौ सेवा आयोग समिति बालोद सहित ग्राम के वरिष्ठजन, मित्रगणों ने सदैव अग्रसर होते रहने बधाई दी।

## शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधान पाठक और सहायक शिक्षक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रधानपाठक बुधारू राम निषाद को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षादूत शिक्षक सम्मान और सहायक शिक्षक राघवेंद्र कुमार ध्रुव को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2025 में शिक्षादूत से सम्मानित किया गया।

अलंकरण से सम्मानित दो शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी गांव में विधार्थियों की प्रतिभा की तलाश करने लगे हैं। उत्कृष्ट परिणाम स्वरूप शासकीय प्राथमिक शाला उमरपोटी छात्र सांची साहू का नवोदय विद्यालय बोरई के लिए चयनित हुई।

संस्था प्रधानपाठक बुधारू राम निषाद, संकुल समन्वयक टिकेश्वर गजपाल कक्षा शिक्षक राघवेंद्र कुमार धुरव, अतिथि शिक्षिका टिकेश्वरी साहू, शिक्षिका चमेली साहू, सरपंच रेवा राम साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष केश राम ठाकुर, उपाध्यक्ष गणेश्वर साहू, सांसद प्रतिनिधि प्रेमीन साहू, विधायक प्रतिनिधि पीलू राम साहू, मदन ठाकुर, रितेंद्र साहू, सोहद्रा ठाकुर, गुलशन साहू, रुद्राणी साहू, गजेंद्र साहू सहित समस्त सदस्य गण शाला प्रबंधन समिति एवं समस्त पालक गण,ग्रामवासी उमरपोटी साथ ही संकुल केंद्र आगेसरा के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने खुशी जाहिर की। रिटायर्ड फौजी सरपंच रेवाराम साहू ने कहा कि यह उपलब्धि शिक्षकों के अध्यापन कार्य और छात्र की पढ़ाई में विशेष रुचि एवं माता पिता की सजगता को दर्शाता है। शिक्षक और शिष्य दोनों अपने कर्तव्यों का पालन भली भांति करे तो गांव गांव में प्रतिभा निखर कर सामने आ सकती है।

# कृषि विभाग ने किसानों की समस्याओं का किया समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



- आमटी में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प अभियान

ग्राम पंचायत आमटी में विकसित कृषि संकल्प अभियान यात्रा के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा और कृषि विभाग दुर्ग द्वारा संयुक्त रूप से कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभाग के अधिकारियों द्वारा एवं किसानों के बीच सीधा परिचर्चा द्वारा कृषि समस्याओं का निराकरण किया गया। इस कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती पर जोर दिया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा के वरिष्ठ वैज्ञानिक व डॉ गड़पाईले सर द्वारा पशुपालन पर जोर दिया गया व पशु प्रबंधन दुध व बीमारियों से संबंधित जानकारी व रोग निदान संबंधी जानकारी दिया गया एवं इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के सहायक प्रोफेसर मंजूषा राजपूत द्वारा फसलों पर कीट प्रबंधन संबंधी जानकारी दी। साथ ही कृषि विभाग के ब्लॉक ए डी ओ खोब्रागड़े द्वारा प्राकृतिक खेती संबंधी जोर दिया गया, जिसके रासायनिक खाद व पेस्टिसाइड के विकल्प के लिए जीवामृत, डीकंपोजर व जैविक कीट नियंत्रक कीमास्त्र, ब्रह्मास्त्र का उपयोग की जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम प्रमुख दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी, पंचायत सचिव उत्तम देशमुख, कृषि विभाग से ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दिव्या चंद्राकर, कृषि मित्र अशोक कुमार चौधरी, ग्राम पंचायत आलबरस के सरपंच भुवन लाल देशमुख, अशोक हरमुख कृषि मित्र आलबरस, ग्राम आमटी के कृषकगन अशोक साहू, उमेंद यादव, बलराम साहू, तुलेश साहू, कन्हैया चौधरी, खेलेंद्र चौधरी, चेलेंद्र चौधरी, हिरमनी वर्मा, सोनिया साहू, पालेश्वर साहू उपस्थित थे।

## कलकसा में तनाव मुक्त राजयोग शिविर का शुभारंभ



**डौण्डीलोहारा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय डौण्डीलोहारा द्वारा ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कलकसा (मालीघोरी) में निःशुल्क सात दिवसीय तनाव मुक्त राजयोग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी चन्द्रलता दीदी, सरिता बहन, राधा बहन, लोकेश्वरी देवांगन, पार्वती देवांगन, धनबाती ठाकुर, फूल बाई साहू एवं मिलो साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी चन्द्रलता दीदी ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य विभिन्न प्रकार के मानसिक तनावों से गुजर रहा है। राजयोग ध्यान के नियमित अभ्यास से व्यक्ति तनावमुक्त होकर मानसिक शांति एवं सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि राजयोग मानव जीवन में सुख, शांति और आत्मबल बढ़ाने का प्रभावी माध्यम है। शिविर का आयोजन ग्राम कलकसा में 15 मई से प्रतिदिन संध्या 7 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक किया जा रहा है। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ लेने की अपील की है।

## श्रद्धांजलि योजना में जरूरतमंद परिवारों को दी सहायता राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



- अंतिम संस्कार सहयोग योजना बनी संकट की घड़ी में सहारा, पालिका ने छह परिवारों को वितरित की आर्थिक सहायता

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा द्वारा राज्य शासन की श्रद्धांजलि योजना के अंतर्गत जरूरतमंद एवं गरीब परिवारों को सहायता राशि वितरित की गई। पालिका कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छह आश्रित परिवारों को अंतिम संस्कार सहायता के रूप में 2500-2500 रुपये प्रदान किए गए। योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को दुःख की घड़ी में तत्काल राहत उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बख्शी ने श्रद्धांजलि योजना की जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत ऐसे परिवारों को लाभान्वित किया जाता है जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग में शामिल हैं। परिवार के मुखिया अथवा किसी सदस्य की मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार हेतु शासन द्वारा सहायता राशि प्रदान की जाती है, ताकि पीड़ित परिवारों को आर्थिक संकट का सामना कम करना पड़े। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू ने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने सदस्य को खोना अत्यंत पीड़ादायक क्षण होता है। ऐसे समय में शासन एवं प्रशासन का दायित्व है कि जरूरतमंद परिवारों के साथ संवेदनात्मक सहयोग करते हुए उन्हें राहत पहुंचाई जाए। श्रद्धांजलि योजना इसी मानवीय सोच का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो संकट की घड़ी में परिवारों को सहारा देने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम के दौरान शैलेंद्र कुमार, पेमीन बाई, पुष्पा साहू, कालिंद्री बाई, हरीश कुमार एवं आसिया बेगम को श्रद्धांजलि योजना के तहत सहायता राशि वितरित की गई।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज दुबे, पार्षद सुरेश जायसवाल, मेवा पटेल, टी ज्योति, भूपेंद्र श्रीनिवास, अनीता, समाज कल्याण विभाग के घनश्याम शर्मा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश के लिए परीक्षा जुलाई में

**बालोद।** राज्य के उत्कृष्ठ शैक्षणिक संस्थाओं में कक्षा 6वीं में निः शुल्क अध्ययन एवं प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 26 जुलाई को रखा गया है। आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक विद्यार्थियों को वर्तमान में कक्षा 5वीं में नियमित अध्ययनरत होना तथा कक्षा 4थीं की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया होना अनिवार्य है। ऐसे विद्यार्थी उक्त योजना के तहत आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे।

उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा के प्राप्तांकों की मेरिट के आधार पर कक्षा 6वीं के लिये अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग हेतु आबंटित किए गए राज्य में स्थित उत्कृष्ट शिक्षण संस्थाओं में प्रवेश दिया जाएगा। प्रवेश हेतु आयोजित चयन परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थियों के सभी स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख से अधिक नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही योजनांतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित शालाओं के कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी इस योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे।

नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्याथएँ योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे। शैक्षणिक सत्र 2026–27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश दिलाने हेतु आयोजित परीक्षा में शामिल होने के लिए कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी अपने आवेदन पत्र के साथ कक्षा 4थीं की अंक सूची, जाति प्रमाण–पत्र, पालक का आयकरदाता नहीं होने प्रमाण–पत्र संस्था का ग्रामीण क्षेत्र में स्थित होने का प्रमाण–पत्र अपने शाला में 20 जुलाई तक जमा कर सकते हैं।

**कृष्ण-सुदामा की मित्रता निष्काम भक्ति का सबसे बड़ा उदाहरण**

# भावगत में प्रस्तुत की गई रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र की कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर



जोगीराम साहू परिसर में जारी भागवत महापुराण में सुरेश कुमार दीन ने रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र का जीवंत वर्णन कर प्रेम और भक्ति में जीवन के आनंद को भक्तों के समक्ष रखा।

प्रज्ञा पुत्र ने प्रारंभ में सबकी चेतना को जगाते हुए कहा कि ऐसी भक्ति में मन को लगाए कि तन को गर्मी का एहसास ही ना हो। उन्होंने कहा कि जीवन में अनेकों कथाएं सुने सत्संग में गए और आज भी वही के वही खड़े हैं, तो अपने साथ अन्याय करने की बजाय प्रेम और भक्ति में रमने के लिए कदम आगे बढ़ाए दुर्लभ मानव जीवन को सार्थक बनाए। भागवताचार्य प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार ने कहा कि प्रेम वासना से मुक्त होता है। धर्म ग्रंथों के पन्नों को पलट कर देखे तो रुक्मणी जी विदर्भ के राजा भीष्मक की पुत्री थीं, जो मन ही मन श्रीकृष्ण को अपना पति मान चुकी थीं। जब उनके भाई रुक्मी ने उनका विवाह शिशुपाल से तय किया, तब प्रेम के वशीभूत श्रीकृष्ण ने रुक्मणी जी का हरण कर उनसे विवाह किया। यह प्रसंग सच्ची भक्ति और प्रेम की विजय को दर्शाता है। व

यासपीठ से प्रज्ञा पुत्र सुरेश कुमार ने बेताया कि कृष्ण सुदामा की मित्रता निष्काम भक्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। सुदामा जी श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र थे। उनकी दरिद्रता और फिर द्वारका में श्रीकृष्ण द्वारा उनका भावपूर्ण स्वागत भक्तों को भावविभोर कर देता है। श्रीकृष्ण द्वारा सुदामा के चरण धोना और उनकी भक्ति के बदले उन्हें सर्वस्व प्रदान करना इस कथा का मुख्य केंद्र है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
21 मई, 04 जून, 30 जुलाई, 13 अगस्त, 03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 19 नवंबर, 17 दिसंबर 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411